# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 06.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रांची में मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे; देश और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर हुई चर्चा।**
- **झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने जारी किए इंटरमीडिएट के नतीजे; साइंस में राशिदा नाज, आर्ट्स में छोटी कुमारी और कामर्स में स्वेता प्रसाद बनीं स्टेट टॉपर।**
- **नक्सल विरोधी अभियान में लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता; एके–47, एसएलआर और गोला–बारूद के साथ दो उग्रवादी गिरफ्तार।**
- **गिरिडीह में कबरीबाद माइंस क्षेत्र में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प; पथराव के बाद पुलिस का लाठीचार्ज, उपद्रवियों से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात।**
- **मनीला जाने वाली भारत की कराटे टीम में झारखंड का प्रतिनिधित्व; रांची के रेंशी सुनील किस्पोट्टा बढ़ाएंगे खिलाड़ियों का उत्साह।**

**************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची स्थित लोकभवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। बाद में मीडिया से बातचीत में श्री चौबे ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदर्शन को ऐतिहासिक और जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं के संघर्ष और समर्पण का परिणाम बताया।

**************************

पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजों के बाद राजनीतिक बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफा न देने के बयान पर निरसा से माले विधायक अरूप चटर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि इस्तीफा देना एक संवैधानिक प्रक्रिया है और मुख्यमंत्री को इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने चुनाव परिणामों पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा पर सरकारी मशीनरी और निर्वाचन आयोग के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

**************************

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। धनबाद सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए हेमलाल मुर्मू ने आरोप लगाया कि बंगाल चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष नहीं था।

**************************

राज्य में गहराते बिजली और पानी के संकट को लेकर भाजपा ने आज से अपना राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। इस कड़ी में आज पलामू, गढ़वा और लातेहार में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। गढ़वा जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला।

**************************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल– जैक ने आज इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष कला संकाय 96 दशमलव एक चार प्रतिशत सफलता दर के साथ सबसे आगे रहा। विज्ञान संकाय में 82 दशमलव नौ दो फीसदी और वाणिज्य में 93 दशमलव तीन सात प्रतिशत छात्र सफल हुए। विज्ञान संकाय में राशिदा नाज ने 97 दशमलव 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, कला में छोटी कुमारी और वाणिज्य में स्वेता प्रसाद टॉपर रहे।

**************************

चतरा की आकांक्षा कुमारी ने इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में 481 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। अपनी इस बड़ी उपलब्धि के बाद आकांक्षा ने भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का लक्ष्य रखा है।

**************************

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया कल नई दिल्ली में ईएसआईसी के माध्यम से श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच अभियान की शुरुआत करेंगे। इस पहल के तहत 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों, विशेषकर जोखिम भरे कार्यों में लगे कामगारों की नियमित चिकित्सा जांच सुनिश्चित की जाएगी।

**************************

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी किल्लत की कोई खबर नहीं है। नई दिल्ली में आयोजित अंतर मंत्रालीय ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने वितरण व्यवस्था और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की।

*************************

भारत निर्वाचन आयोग के नए आईटी प्लेटफॉर्म ईसीआई नेट ने 2026 के चुनावों में डिजिटल पारदर्शिता का नया अध्याय लिखा है। मतगणना के दिन प्रति मिनट 3 करोड़ हिट्स और 10 करोड़ से अधिक डाउनलोड के साथ इस ऐप ने चुनाव परिणामों को सीधे जनता तक पहुंचाया। सुरक्षा के लिए पहली बार क्यूआर कोड प्रणाली का भी सफल उपयोग किया गया।

*************************

लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मनिका थाना क्षेत्र के कुरुमखेता जंगल से पकड़े गए नक्सलियों के पास से एक एके–47 राइफल, दो एसएलआर राइफल और 318 गोलियां बरामद की गई हैं। एसपी ने नक्सलियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि हिंसा का मार्ग चुनने वालों के लिए अब आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का ही विकल्प बचा है।

*************************

गिरिडीह जिले में कबरीबाद माइंस क्षेत्र में कल रात कोयला चोरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुए हिंसक झड़प के बाद आज ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव किया। कल की घटना में एक व्यक्ति की मौत और कई सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। एसडीएम श्रीकांत विस्पुते ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन भारी पुलिस बल तैनात है।

*************************

बोकारो जोन के नवनियुक्त आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने आज धनबाद में पदभार संभालने के बाद अपनी पहली समीक्षा बैठक की। उन्होंने एसएसपी और सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण के लिए टीम वर्क और बेहतर रणनीति अपनाने के कड़े निर्देश दिए।

*************************

फिलीपींस की राजधानी मनीला में 14 से 17 मई तक आयोजित होने वाली वर्ल्ड कराटे फेडरेशन यूथ लीग में भारत अपनी चुनौती पेश करेगा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए रांची निवासी रेंशी सुनील किस्पोट्टा भी शामिल होंगे। वे कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन हैं और 10 मई को मनीला के लिए रवाना होंगे।

**********समाप्त***********